# पागल कुत्ते का आतंक : त्रिवेणी रोड से त्रिपोलिया गेट तक 7 लोगों पर हमला, 2 बच्चे भी घायलों में शामिल, आक्रोशितों ने कुत्ते को जान से मारा

सिंघम 17

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

त्रिवेणी रोड से लेकर त्रिपोलिया गेट तक एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। दहशत के साथ आक्रोशित रहवासियों ने कुत्ते को लाठियों से पीटकर मार दिया। कुत्ते के हमले से 2 मासूम बच्चों सहित 7 लोगों को चोटें पहुंची। जिला अस्पताल में हमले में घायल 2 बच्चों के अलावा 1 युवती उपचार कराने पहुंची, जबकि शेष 4 घायलों ने क्षेत्र के निजी क्लीनिक पर उपचार कराया।

बुधवार दोपहर करीब 1 बजे त्रिवेणी क्षेत्र स्थित मुक्तिधाम वाले मार्ग से एक पागल कुत्ता राहगीरों पर हमला करता रहवासियों को दिखाई दिया। लोग कुछ समझ पाते की उसके पहले कुत्ते ने क्षेत्र में ओटले पर खेल रहे 3 वर्षीय दिव्यांश पिता सुमित राठौड़ पर हमला कर उसे करीब 20 फ़ीट तक घसीट ले गया। इसके कारण दिव्यांश के पेट पर गंभीर जख्म पहुंचे। इसके बाद पागल कुत्ता त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में पहुंचा और एक निजी क्लीनिक के बाहर 4 वर्षीय अरविन्द पिता सुनिल भूरिया पर हमला कर जख्मी कर दिया। अरविन्द अपने माता-पिता के साथ 25 दिन की छोटी बहन का उपचार कराने साथ आया था। अरविन्द को घायल करने के बाद पागल कुत्ते ने राजपुरा निवासी 25 वर्षीय युवती सोनू पर हमला कर घायल कर दिया। करीब डेढ़ घण्टे तक कुत्ते ने राहगीरों सहित दोपहिया वाहन चालकों पर हमला किया।

### मैजिक वाहन का टायर पकड़ने के दौरान भीड़ का हुआ शिकार

आधा दर्जन से अधिक बच्चे व बड़ो पर हमला करने के बाद त्रिवेणी रोड से गुजर रही मैजिक के टायर को पकड़ लिया। इस दौरान आक्रोशित भीड़ एकजुट हो गई और पागल कुत्ते को लाठियों से पीटकर मार दिया। रहवासियों में जिला व नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी भी देखने को मिली। रहवासियों का आरोप है कि हाल में एक एनजीओ को कुत्तों के बधियाकरण का काम सौंपा है, लेकिन इसकी मॉनिटरिंग नहीं होने से बधियाकरण का काम लेने वाली एनजीओ दस्तावेजों पर खाना पूर्ति कर रही है।

सिंघम - 17/2/22

# पालतू श्वानों का रजिस्ट्रेशन करवाएं

रतलाम। नगर पालिक निगम अधिनियम के तहत नगरीय क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को पालतू श्वान का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि जो नागरिक अपने घरों में श्वान पालते है, वे अपने श्वान का रजिस्ट्रेशन नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की लाइसेंस शाखा में अनिवार्य रूप से कराएं। अन्यथा संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अहिदुनिया · 18/2/22

## बदलाव को नागरिकों ने बताया

रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत, स्वच्छ भारत मिशन से शहरवासियों के जीवन पर पड़े प्रभाव के बारे में उनसे जानकारी मांगी गई एवं उनसे जानना चाहा कि किस तरह स्वच्छ भारत मिशन के आने के बाद से उनके जीवन मे बदलाव आए हैं। उपायुक्त विकास सोलंकी ने बताया जिसमें 20 लोगों ने अपने जीवन पर पड़े प्रभावों के बारे में नगर पालिक निगम को बताया जिनमें से मुख्यतः अड़ोस पड़ोस की साफ सफाई, महिलाओं के लिये शौचालय की सुगमता, स्वास्थ पर पड़ने वाले प्रभाव, आजीविका मिलना एवं वायु प्रदूषण में आई कमी के बारे में शहरवासियों में बताया। पत्रिका

पत्रिका 18/2/22

## स्वच्छता चैम्पियनों का हुआ सम्मान

रतलाम. शहर के गुरुवार को 10 स्वच्छता चैंपियंस को सम्मानित किया गया। इनमे रेखाबाई ओमप्रकाश, रामकन्या बाई , अनिताबाई कैलाश, शांतिबाई चौहान, ममता तंवर, नयन शिंदे, संदीप चौहान, कमल कुमार पेंटर, मंथन मुस्ले , सचिन चोपड़ा को स्वच्छता के कार्य मे उत्तम प्रदर्शन करने एवं एवं अपने कार्यों के द्वारा पूरे शहर को जागरूक करने हेतु सम्मानित किया गया एवं इन्हें स्वच्छ चैंपियन कहा गया। पत्रिका

पत्रिका 18/2/22

शहर में पेयजल के लिए प्रतिदिन पानी देने के अतिरिक्त, सिंचाई के लिए नहरों में भी छोड़ रहे पानी

# गर्मी में प्यासा नहीं रहेगा शहर, धोलावाड़ में भरपूर पानी

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. मानसून की मेहरबानी के चलते इस बार गर्मी में रतलाम प्यासा नही रहेगा। रतलाम की प्यास बुझाने वाले धोलावाड डेम में अब भी इतना पानी है कि पूरी गर्मी में निगम प्रतिदिन लोगों को पीने का पानी देगा तब भी इसकी कमी नही होगी। यह बात सही है कि गर्मी में इसकी मांग बढ़ जाती है लेकिन उसके बाद भी पानी की कोई किल्लत इस बार नही रहेगी। यह हम नही बल्कि धोलावाड़ के वर्तमान स्थिति खुद बयां कर रही है।

धोलावाड़ डेम की क्षमता वैसे तो 395 मीटर है। मानसून में अच्छी बारिश के चलते डेम से पानी पर्याप्त मात्रा में आने से उसके गेट भी खोलना पड़े थे। वर्तमान में डेम 389.20 मीटर पानी अब भी उपलब्ध है। जून 2021 के बाद करीब सात माह बीत चुके है और इनते लंबे समय में अब तक डेम का पानी करीब 6 मीटर ही कम हुआ है। इतना ही नही वर्तमान में नहरो के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी भी छोड़ा जा रहा है जो कि मार्च माह तक चलता रहेगा।

## 380 मी. ग्राउंड लेवल

धोलावाड़ डेम का ग्राउंड लेवल 380 मीटर है। नीचे ऊपर तक करीब 15 मीटर तक इसमें पानी संग्रहण की क्षमता है। वर्तमान में डेम में जो पानी संग्रहित है, इसमें से करीब ढ़ाई मीटर पानी सिंचाई में आगामी 15 मार्च तक जाएगा। उसके बाद नहरों को रोक दिया जाएगा। दरअसल इसके बाद पानी को पेयजल के लिए रोक दिया जाता है। गत वर्ष भी धोलावाड़ डेम का नीचला स्तर मानसून आने तक महज 384.15 मीटर तक ही पहुंचा था और 15 जून को रतलाम में मानसून ने दस्तक दे दी थी।

395 - मीटर धोलावाड़ डेम की क्षमता

389.20 - मीटर डेम में आज की स्थिति में पानी की उपलबधता

0.05 - एमसीएम पानी प्रतिदिन निगम को दिया जाता है

2.8 - मीटर सिंचाई के लिए 15 मार्च तक दिया जाने वाला पानी

380 - मीटर डेम का ग्राउंड लेवल

384.15 - मीटर डेम में गत वर्ष का न्यूनतम वाटर लेवल स्तर

4.15 - मी. गत वर्ष की तुलना में डेम में वर्तमान में पानी की उपलब्धता

## 0.05 एमसीएम पानी मिलता शहर को

वर्तमान में रतलाम शहर में पेयजल वितरण के लिए नगर निगम को धोलावाड़ डेम के माध्मम से 0.05 एमसीएम पानी मिलता है। यह पानी शहर की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और निगम की पेयजल लाइनों में लिकेज के चलते हर दिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ ही बह जाता है। इसके अतिरिक्त कई लोग पानी की चोरी भी करते है, उसके बाद भी अब तक पानी की बड़ी किल्लत का सामना किसी को भी नही करना पड़ा है। पत्रिका

पत्रिका 18/2/22

# खुले में गंदगी करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना, 11,300/- की राशि वसूली

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 16 फरवरी को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 11,300/- की राशि वसूली।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर रवि सुर्यवंशी दिलीप नगर, न्यू संतोश स्वीट्स कस्तुरबा नगर पर 5000-5000, दीपक बैरागी महालक्ष्मी नगर पर 1000 व कमरून्निसा दिलीप नगर पर 300 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

सिंघम-17

सिंघम - 17/2/22

## गंदगी फैलाने वालों पर लगाया जुर्माना

रतलाम। गंदगी फैलाने पर रतलाम किराना, श्रीजी डिस्पोजल, माहेश्वरी डिस्पोजल, अफजल से 500-500 रुपये, एटलस इलेक्ट्रानिक, दूरदर्शन इलेक्ट्रानिक, लुनिया स्पोटर्स, ब्रजेश व निखिल से 250-250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी।

## स्वच्छता चैंपियनों का किया सम्मान

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत शहर के 10 स्वच्छता चैंपियंस को सम्मानित किया गया। इनमें रेखाबाई ओमप्रकाश, रामकन्याबाई, अनीताबाई कैलाश, शांतिबाई चौहान, ममता तंवर, नयन शिंदे, संदीप चौहान, कमल कुमार पेंटर, मंथन मूसले, सचिन चोपड़ा को स्वच्छता के कार्य में उतम प्रदर्शन करने और अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया।

नईदुनिया 18/2/22

## 86 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 86 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया।

नईदुनिया 18/2/22

# कस्तुरबा नगर गली नम्बर 7 से हटाया अतिक्रमण



सिंघम-17

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

कस्तुरबा नगर गली नम्बर 7 की सड़क के दोनो ओर क्षेत्रिय रहवासियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम, राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमन्त चौहान के निर्देशन में जेसीबी, डम्पर, ट्रेक्टर, गैंग के द्वारा हटाया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कस्तुरबा नगर गली नम्बर 7 की सड़क जिसकी चौड़ाई 60 फीट थी क्षेत्रिय रहवासियों द्वारा सड़क के दोनो ओर से अतिक्रमण कर सड़क की चौड़ाई को 22 फीट तक सीमित कर दिया था। उच्च न्यायालय उचित कार्यवाही के निर्देश प्राप्त होने पर नगर निगम 15 दिवस पूर्व चूने की लाईन डालकर क्षेत्रय रहवासियों को अपने अतिक्रमण स्वंय हटाने के निर्देश दिये गये थे। 15 फरवरी तक 70 से 80 प्रतिशत नागरिकों द्वारा अपने अतिक्रमण स्वंय हटा लिये गये थे शेष अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु जिला, पुलिस व नगर निगम प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित पुलिस व नगर निगम प्रशासन का अमला उपस्थित था।

सिंघम - 17/2/22

**कल निगम का बुलडोजर चला तो उड़ गया कस्तुरबा नगर की गली नंबर 7 का अतिक्रमण**

# 60 फीट की सड़क को अतिक्रमण करके 22 फीट ही कर दिया था



रतलाम। कस्तुरबा नगर गली नम्बर 7 की सड़क के दोनो ओर क्षेत्रिय रहवासियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम, राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमन्त चौहान के निर्देशन में जेसीबी, डम्पर, ट्रेक्टर गैंग के द्वारा हटाया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कस्तुरबा नगर गली नम्बर 7 की सड़क जिसकी चौड़ाई 60 फीट थी क्षेत्रिय रहवासियों द्वारा सड़क के दोनो ओर से अतिक्रमण कर सड़क की चौड़ाई को 22 फीट तक सीमित कर दिया था। माननीय उच्च न्यायालय उचित कार्यवाही के निर्देश प्राप्त होने पर नगर निगम 15 दिवस पूर्व चूने की लाईन डालकर क्षेत्रय रहवासियों को अपने अतिक्रमण स्वंय हटाने के निर्देश दिये गये थे। 15 फरवरी तक 70 से 80 प्रतिषत नागरिकों द्वारा अपने अतिक्रमण स्वंय हटा लिये गये थे शेष अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु जिला, पुलिस व नगर निगम प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित पुलिस व नगर निगम प्रशासन का अमला उपस्थित था। अग्निबाण-17

अग्निबाण 17/2/22

# 5 सफाई मित्रों का 1 दिवस व 1 का आधे दिवस का वेतन काटा

## बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 5 व दोपहर में 1 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलम्बंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

16 फरवरी बुधवार को वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 2 में सरस्वती पति धनराज, रमेश-मुंशी, संजय बच्चु, झोन क्रमांक 3 में किरणबाई पति आनन्द, झोन क्रमांक 4 में रमेश-बाबूलाल इस तरह 5 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा दोपहर की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 4 में संजय-बच्चु द्वारा अनुपस्थित पाये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

सिंघम, 17

सिंघम टाईम्स 17/2/22

## 24 सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई, वेतन काटा

रतलाम | सफाई कर्मचारियों पर निगम के अफसर काबू नहीं कर पा रहे हैं। गुरुवार पर्यवेक्षकों की चेकिंग में दोनों शिफ्ट मिलाकर 24 सफाई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 7 सफाई कर्मचारियों का एक दिन और 17 का आधे दिन का वेतन काट दिया है। इसमें सुबह जोन दो में 3, जोन दो में एक, जोन 3 में 1, जोन 4 में दो कर्मचारी गैरहाजिर मिले। वहीं, दोपहर को जोन 1 में 1, जोन दो में 10, जोन चार में 6 कर्मचारी गैरहाजिर मिले।

भास्कर

दै. भास्कर 18/2/22

# महावीर किराना से पॉलीथिन जब्त, 3000 रु. का जुर्माना



अमानक पॉलीथिन जब्त करता निगम अमला।

रतलाम | प्रतिबंध के बाद भी 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने पर गुरुवार को नगर निगम अमले ने बड़ी कार्रवाई की। त्रिपोलिया गेट स्थित महावीर किराना से तय मानक के विपरीत 28 किलो पॉलीथीन जब्त की। साथ ही दुकानदार पर 3000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। उधर, स्पॉट फाइन दल ने खुले में गंदगी करने पर 9 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 3200 रुपए वसूले। इसमें रतलाम किराना, श्रीजी डिस्पोजल, माहेश्वरी डिस्पोजल, अफजल पर 500 रुपए, एटलस इलेक्ट्रॉनिक, दूरदर्शन इलेक्ट्रॉनिक, लूनिया स्पोर्टस, ब्रजेश व निखिल 250 रुपए का स्पॉट फाइन किया।

भास्कर

दै. भास्कर 18/2/22

# नगर निगम ने अमानक पालीथिन जब्त की

रतलाम। नगर निगम द्वारा अमानक पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को महावीर किराना त्रिपोलिया गेट से तय मानक के विपरीत 28 किलो पालीथिन जब्त कर संबंधित से तीन हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। मालूम हो कि नगर निगम समय-समय पर शहर में कार्रवाई कर अमानक पालीथिन जब्त करता आ रहा है।

नई.

नईदुनिया 18/2/22

## प्रमुख बाजारों में अतिक्रमण के कारण सड़क पर चलने के लिए जगह नहीं

# फुटपाथ पर बेच रहे सामान, पार्किंग में दुकान

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में आंतरिक परिवहन बेहतर करने के लिए तीन बड़े मार्ग फोरलेन में बदले जा चुके हैं। 10 किमी लंबा इनर सिटी फोरलेन बनना भी प्रस्तावित है। जिले में नए वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इसकी तुलना में सड़कों को लेकर प्लानिंग अधूरी है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों पर भी पालन नहीं हो पा रहा है।

नई सड़कों के साथ ही शहर की पुरानी सड़कें भी 60 से 80 फीट तक चौड़ी हैं, लेकिन ये सड़कें अब गलियों में बदल गई हैं। 2035 के मास्टर प्लान में शहर के 20 प्रमुख मार्गों की वर्तमान व प्रस्तावित चौड़ाई का उल्लेख कर प्रविधान तय किए गए हैं। बताई गई वर्तमान चौड़ाई भी पर्याप्त है, लेकिन वास्तविकता ये है कि इन मार्गों पर दो पहिया वाहन चलाना भी आसान नहीं है। पुराने मार्गों के साथ अब नए फोरलेन मार्गों पर भी ट्रैफिक जाम के हालात बनने लगे हैं।

**जिले में 3.73 लाख वाहन पंजीकृत**

जिले में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। परिवहन कार्यालय में वर्ष 2002 से फरवरी 2022 तक पंजीकृत वाहनों की संख्या 373954 है। इसके अतिरिक्त जिले में करीब एक लाख वाहन ऐसे हैं जो अन्य प्रदेशों या जिलों में पंजीकृत हैं।

**विभागवार अनदेखी**

**टाउन एंड कंट्री प्लानिंग :** विभाग की ओर से मास्टर प्लान के नियमों का उल्लंघन होने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कालोनी व बड़े व्यवसायिक भवनों के नक्शे प्रविधान अनुसार स्वीकृत तो किए पर इनका पालन नहीं होने पर विभागीय अमला सुस्त रहा।

**नगर निगम स्तर पर :** निर्माण अनुमति में मास्टर प्लान के प्रविधानों का ध्यान नहीं रखा गया। अनुमति दी भी गई तो तय मानकों का पालन करने में किसी ने रुचि नहीं दिखाई। हाकर्स जोन के नाम पर अतिक्रमण बढ़ता गया। मुख्य मार्गों पर बने व्यवसायिक भवनों में पार्किंग के प्रविधान नहीं किए गए।

**इसलिए बढ़ रही परेशानी**

**पार्किंग स्थल :** आबादी और वाहनों की संख्या बढ़ने के बावजूद शहर में एक भी पार्किंग स्थल विकसित नहीं किया गया। बाजार में आने वालों के लिए सड़कों पर वाहन खड़े रखना मजबूरी है। व्यावसायिक भवनों में पार्किंग की जगह पर दुकानें तन गईं।

**वन-वे :** शहर में प्रमुख मार्गों पर वन वे की जरूरत महसूस की जा रही है। त्योहारी समय में भीड़ को देखते हुए वन वे किया जाता है, लेकिन स्थायी व्यवस्था न होने से जाम के हालात बनते हैं। सड़क सुरक्षा समिति के निर्णयों का पालन भी दस्तावेजों में ही हो रहा है।

**अतिक्रमण :** दुकानों के बाहर ओटले और उनके आगे सामान रखे जाने के बाद सड़क का कुछ हिस्सा ही वाहन चलाने के लिए शेष रहता है। नगर निगम व प्रशासन ने कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए मुहिम चलाई पर स्थायी निर्माण तोड़ने में सभी पीछे हट गए।



रतलाम के चांदनी चौक क्षेत्र में सड़क पर अस्त-व्यस्त खड़े वाहन। ● नईदुनिया

**जिले में दो साल में नए वाहनों की संख्या**

| वर्ष | कुल नए वाहन |
|---|---|
| 2020-21 | 34532 |
| 2021-22 | 21600 (17 फरवरी तक) |

गणना : (एक अप्रैल से 31 मार्च तक) आंकड़े परिवहन विभाग अनुसार।

**नवंबर 2021 में बैठक, सुधार का इंतजार**

20 नवंबर 2021 को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पार्किंग व ट्रैफिक सुधार की कार्ययोजना बनाई गई थी। तय किया गया था कि सड़कों पर लगने वाली सब्जी की दुकानों को शहर के सात अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में हुई बैठक में तत्कालीन एसपी गौरव तिवारी, सीएसपी हेमंत चौहान, परिवहन अधिकारी दीपक मांझी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। मुख्य बाजार के छह मार्गों पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर सब्जी दुकानों के चयनित स्थलों व एकांगी मार्गों के प्लान पर सात दिन का ट्रायल पीरियड रखा गया था। चार माह बाद भी हालात वही हैं।

> बाजार में सड़कों पर सामान रखने वालों पर स्पाट फाइन किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। आजाद चौक में सशुल्क पार्किंग भी बनाने की तैयारी है।
>
> **-सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

> सब्जी मंडी के चयनित स्थलों पर कुछ इंतजाम नगर निगम द्वारा किए जाएंगे। इसके बाद वहां मंडी संचालित होगी। इसी माह यातायात जागरुकता को लेकर भी आयोजन किया जाएगा।
>
> **- अशोक ननामा, टीआइ ट्रैफिक**

नई.

नईदुनिया 18/2/22

# सूअरों को जंगल में छुड़वाएं-डागा

रतलाम, नप्र। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा की अगुवाई में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर शहर में बढ़ रहे सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सूअरों की भरमार हो गई है। किसी को इसकी जानकारी नहीं हैं कि अचानक ये रतलाम में कहां से आए? उनकी यँकायर्क बढ़ती तादात से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी तो बढ़ रही है साथ ही अन्य समस्याएं भी पैदा हो रही है। सूअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है। भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध करते हुए सूअरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर में एक बार से अभियान चलाकर सुअरों की धरपकड कर उन्हें जंगल में छुड़वाया जाए जिससे नागरिकों को समस्या से राहत मिले। ज्ञापन देने के दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश राठैड, मंडल महामंत्री राकेश परमार. वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल के अलावा पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू मौजूद रहे।

## श्वानों की समस्या से राहत दिलाएं- सोलंकी

रतलाम, नप्र। श्वानों के आतंक से निजात दिलाने के लिए भाजपा के हितेश सोलंकी ने नगर निगम प्रशासन का ध्यान खींचा। सोलंकी ने बताया कि नगर में श्वानों की संख्या में इस कदर बढ़ती जा रही है कि शहर के हर इलाके में झुंड-झुंड दिखाई देते है। गलियों और कॉलोनियों में एक साथ निकलने से नागरिक दहशत में रहते है। सोलंकी ने बताया कि कल ही एक श्वान ने मासूम बच्चे को काटकर काफी दूर खींच ले गया। वहीं कई लोगों को काटा।

प्रभात किरण 17/2/22

# सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग, भाजपा नेताओं ने सौंपा पत्र

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नैतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ रहे सुअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई है। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही है। सुअरों की हिंसा से महिलाएं एवं बच्चें प्रभावित हो रहे है। भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सुअरों की धरपकड करने और उन्हें जंगल में छुड़वाने की मांग की। इस दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल एवं पिछडा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे।

सिंघम - 17/2/22

# सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाउ ठाकरे मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आदित्य डागा के नैतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पत्र सौंपकर शहर में बढ रहे सूअरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में अचानक सुअरों की भरमार हो गई है। ये सुअर कहां से आए, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इनकी वजह से संबंधित क्षेत्रों में गंदगी बढ रही है, वहीं अन्य समस्याएं भी उपज रही है। भाजपा नेताओं के अनुसार पहले नगर निगम की सक्रियता से शहर में सुअर दिखना बंद हो गए थे। उन्होंने कलेक्टर से फिर एक अभियान चलाकर सुअरों की धरपकड करने और उन्हें जंगल में छुडवाने की मांग की। भाजपा पिछडा मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश राठौड, मंडल महामंत्री राकेश परमार, वार्ड संयोजक विपीन पोरवाल एवं पिछडा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मारू उपस्थित थे।

अभिव्यक्ति 17/2/22

**गुपचुप आएगी थर्ड पार्टी** • शेड्यूल के अनुसार 1 से 28 मार्च तक चलना है सर्वे, मैदानी तैयारी तो दूर ठीक से दस्तावेज भी नहीं बना पाई है ननि

# अप्रैल में होगा सफाई का सर्वे क्योंकि 28 फरवरी अंतिम तारीख

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई की परीक्षा इस बार भी समय पर नहीं हो पाएगी। दिसंबर अंत में तो टूलकिट ही जारी हुआ। नगरीय निकाय मैदानी तैयारी तो दूर ठीक से दस्तावेज भी नहीं बना पाई है। उस पर सरकार ने स्वच्छ सर्वेक्षण, ओडीएफ डबल प्लस, वाटर प्लस और जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) स्टार रेटिंग में आवेदन की आखिरी तारीख 28 फरवरी तय कर दी है। 11 दिन में इन दिनों के डाक्यूमेंट तैयार करके ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना न तो नगर निगम और न हीं अच्छे नंबर लाने के लिए एक करोड़ से किराए पर ली गई संस्था के संचालकों के बस की बात है। यही स्थिति प्रदेश के लगभग सारे निकायों की है। स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य ने बताया इस बार शहर को टॉप में लाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। हर एक पाइंट के आधार पर तैयार की जा रही है। इसमें विशेषज्ञों का भी सहयोग ले रहे हैं।

## जानिए, स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान किसमें क्या दिक्कत, ओडीएफ डबल, वाटर प्लस और जीएफसी के आवेदन करना मुश्किल



सफाई के साथ शहर को सुंदर बनाने के लिए चेतक ब्रिज को आर्ट पेंटिंग से सजाया जा रहा है। भास्कर

**अंक गणित** - 6000 अंक का स्वच्छ सर्वेक्षण इस बार 7500 अंक का हो गया है। अंक बढ़ाने के साथ सरकार ने मापदंड ऊंचे कर दिए हैं। 3000 अंक का सबसे बड़ा भाग सर्विस लेवल प्रोग्रेस का है। सिटीजन वाइस 2250 और सर्टिफिकेशन वाला पार्ट 2250 अंक का है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण (एसएस)** - एमआईएस हर माह भरा रहा है। मैदानी तैयारी अधूरी है। फाइनल सर्वे के लिए दिल्ली से मांगे जाने वाले दस्तावेज भी पूरे नहीं बने पाए हैं। शिद्दत से काम हो तो कम से कम 20 से 25 दिन लग जाएंगे। रिकॉर्ड कमजोर हुआ तो नंबर कट जाएंगे।

**ओडीएफ डबल प्लस** - तीन साल से ओडीएफ डबल प्लस का तमगा मिल रहा है। इस बार उसके साथ निगम वाटर सर्वे कराने की कोशिश में है। वजह, सीवरेज में बने करमदी और खेतलपुर के सीवरेज सिस्टम प्लांट का चालू होना है।

**जीएफसी स्टार रेटिंग** - गार्बेज फ्री सिटी में इस बार भी नगर निगम फाइव स्टार के लिए जोर लगा रहा है। पिछले साल भी फाइव स्टार की कोशिश की थी, लेकिन मिला जीरो। 2020 में भी जीरो रेटिंग मिली थी। उसके पहले 2019 में 3 स्टार के लिए आवेदन किया था, जिसमें से 2 स्टार मिल गई थी।

**सिटीजन इंगेजमेंट** - 7500 अंक वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिक प्रथम वर्ग के 2250 अंक है। सिटीजन फीडबैक और इंगेजमेंट अनुभव, स्वच्छता एप, महामारी में प्रतिक्रिया तैयारी और नवाचार सबसे जरूरी है। निगम ने आनंद उत्सव सहित अन्य गतिविधियां कर रहा है। 2021 में इसके 1800 अंक थे।

दै. भास्कर 18/2/22